HINDI

Court Network



# अदालत में आपका दिन

## A Guide

### Family Violence Intervention Orders in the Magistrates' Court

# यदि आपको तात्कालिक चिंताएँ हैं, तो अपनी सुरक्षा के लिए 000 पर कॉल करें

**पारिवारिक हिंसा:** नुकसानदेह व्यवहार, जिसका प्रयोग भय या बल के माध्यम से परिवार के किसी सदस्य को नियंत्रित करने, डराने-धमकाने, जोर-ज़बरदस्ती करने, या उसपर हावी होने के लिए किया जाता है। यह शायद आपकी सोच से अधिक जटिल स्वरूपों में सामने आ सकता है, संपूर्ण परिभाषा और उदाहरणों के लिए www.vic.gov.au/what-family-violence देखें।

**फैमिली वॉयलेंस इंटरवेन्शन ऑर्डर (पारिवारिक हिंसा हस्तक्षेप आदेश) (FVIO या IVO):** किसी व्यक्ति, उनके बच्चों और उनकी संपत्ति को परिवार के किसी सदस्य, पार्टनर (जीवनसाथी), या एक्स-पार्टनर (पूर्व-जीवनसाथी) से सुरक्षित रखने के लिए अदालत का एक आदेश।

**आवेदक:** अदालत के आदेश (कोर्ट ऑर्डर) के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति यह अक्सर पुलिस या पारिवारिक हिंसा का पीड़ित/सर्वाइवर (उत्तरजीवी) व्यक्ति होता है।

**संरक्षित व्यक्ति:** वह व्यक्ति, जो इंटरवेन्शन ऑर्डर (हस्तक्षेप आदेश) के अधीन संरक्षित होता है। यह व्यक्ति आवेदक और उनके बच्चे हो सकते हैं।

**प्रतिवादी:** वह व्यक्ति, जिसपर पारिवारिक हिंसा करने का आरोप लगा है।

**सुनवाई:** अदालत में मामले की प्रस्तुति।



# फैमिली वॉयलेंस इंटरवेन्शन ऑर्डर (पारिवारिक हिंसा हस्तक्षेप आदेश) (FVIO)

FVIO कानूनी तौर पर लागू किए जाना वाला अदालत का आदेश होता है, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति, उनके बच्चों और उनकी संपत्ति को सुरक्षा प्रदान करना होता है। यह आदेश अदालत में मजिस्ट्रेट द्वारा दिया जाता है।

इस आदेश में प्रतिवादी को संरक्षित व्यक्ति के प्रति पारिवारिक हिंसा का प्रयोग करने से रोकने की शर्तें होती हैं।

FVIO शर्तों के आधार पर प्रतिवादी के लिए निम्नलिखित आवश्यकता नियत कर सकता है:

- व्यवहार को रोकना
- संरक्षित व्यक्ति के साथ संपर्क या संवाद न करना, या किसी अन्य को उनके लिए ऐसा करने के लिए न कहना
- संरक्षित व्यक्ति के पास न जाना या उनके करीब न रहना, या किसी अन्य को उनके लिए ऐसा करने के लिए न कहना

FVIO एक सिविल (नागरिक) मामला होता है। यदि प्रतिवादी किसी शर्त का उल्लंघन करता है, तो इसकी सूचना पुलिस को दें। शर्तों का उल्लंघन करना एक अपराध है।

# FVIO के लिए आवेदन करना

यदि आप पारिवारिक हिंसा से पीड़ित हैं, तो आप FVIO के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते/ती हैं या इस वेबसाइट पर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/ती हैं: www.mcv.vic.gov.au/intervention-orders

कभी-कभी पुलिस आपकी ओर से अदालत में आवेदन कर सकती है।

# अपनी FVIO सुनवाई के लिए अदालत जाना

**यदि पुलिस आपकी ओर से FVIO के लिए आवेदन कर रही है, तो उनसे पूछें कि क्या आपको अदालत आने की ज़रूरत है।**

## सुरक्षा संबंधी चिंताएँ

- यदि आपको सुरक्षा संबंधी चिंताएँ हैं, तो अपनी सुनवाई की तिथि से पहले अदालत को कॉल करें। वे सुरक्षित प्रवेश और प्रतीक्षा कक्षों के साथ आपकी सहायता करने में सक्षम हो सकते हैं।

## यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है

- यदि आपको अदालत में अपनी सहायता के लिए दुभाषिए की आवश्यकता है, तो अपनी अदालत की तिथि से पहले अदालत को कॉल करें, आप नि:शुल्क दुभाषिया सेवा के लिए पात्र हो सकते/ती हैं।
- यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप दुभाषिए का उपयोग करें। आपके लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि अदालत में क्या चल रहा है।
- यदि आपने दुभाषिए के लिए बुकिंग की है, तो आपकी अदालत की सुनवाई दुभाषिए के बिना नहीं होनी चाहिए। यदि आपको पक्का नहीं पता है कि दुभाषिए की बुकिंग की गई है या नहीं, तो रजिस्ट्री डेस्क पर पूछें।

## अदालत में पूरा दिन लग सकता है


- हो सकता है कि आप अदालत में कुछ घंटों या फिर पूरे दिन के लिए रहें, इसलिए अपने अदालत के दिन कोई अन्य एपॉइंटमेंट बुक न करने की कोशिश करें। यदि आपके बच्चे हैं या कोई ऐसे लोग हैं जिनकी आप देखरेख करते/ती हैं, तो उस दिन उनकी देखभाल के लिए किसी अन्य व्यक्ति की व्यवस्था करने की कोशिश करें।

## सहायता

- यदि संभव हो, तो किसी सहायक व्यक्ति को अदालत में अपने साथ लाएँ। यह कोई मित्र या परिवार का सदस्य हो सकता है। यदि यह संभव नहीं है या आपको अदालत तथा उसकी प्रक्रियाओं से परिचित किसी व्यक्ति से अतिरिक्त सहायता चाहिए, तो आप Court Network से 1800 571 239 पर सहायता के लिए बुकिंग कर सकते/ती हैं।
- यदि अदालत में उपस्थित होने के लिए आपको किसी अन्य सहायता की आवश्यकता है, तो आप अदालत या Court Network (अदालती नेटवर्क) से पूछ सकते/ती हैं कि क्या उपलब्ध है।

## क्या पहनें और क्या साथ लाएँ

- स्मार्ट, साफ कपड़े पहनें।
- अल्पाहार (स्नैक्स) और पानी, पूरी तरह से चार्ज किए गए डिवाइस और अपने केस/मामले से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज़ साथ लाएँ।



# अदालत

## आने पर

- अदालत में आने पर सबसे पहले रजिस्ट्री काउंटर पर जाएँ।
- रजिस्ट्री कर्मचारियों को बताएँ कि आपकी अदालती सुनवाई है, उन्हें अपने अदालती दस्तावेज़ दिखाएँ।
- यदि अदालत ने आपके लिए दुभाषिया बुक किया है, तो कर्मचारियों से पूछें कि वे कब आएँगे। यदि कोई दुभाषिया बुक नहीं किया गया है परन्तु आपको दुभाषिए की ज़रूरत है, तो कर्मचारियों से पूछें कि क्या कोई दुभाषिया उपलब्ध है।
- यदि आपने कानूनी सलाह नहीं ली है तथा आपका प्रतिनिधित्व नहीं किया जा रहा है (किसी वकील या पुलिस के द्वारा) और आप ड्यूटी वकील से बात करना चाहते/ती हैं, तो रजिस्ट्री को बताएँ।
- यदि आपको सुरक्षा से संबंधित कोई चिंताएँ हैं, तो रजिस्ट्री को बताएँ।

## अपने मामले के लिए प्रतीक्षा करना


- अपने मामले की सुनवाई के लिए प्रतीक्षा करते समय आपके बैठने के लिए एक प्रतीक्षा-क्षेत्र होता है। कृपया धैर्य बनाए रखें, क्योंकि हो सकता है कि आपको कुछ घंटे प्रतीक्षा करनी पड़े।
- यदि किसी कारण से आपको अदालत छोड़कर जाने की ज़रूरत पड़ती है, तो कृपया रजिस्ट्री को बताएँ ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप अपने मामले से चूक न जाएँ।
- यदि दुभाषिए की बुकिंग की गई है, तो आपके दुभाषिए के आने तक आपके मामले की सुनवाई शुरू नहीं होनी चाहिए।
- जब आपका मामला तैयार होगा, तो आपको न्याय कक्ष में बुलाया जाएगा।

# न्याय कक्ष

- अपने मामले की बारी आने पर न्याय कक्ष में जाएँ।
- अपना फोन साइलेंट पर कर दें।
- प्रवेश करते समय और बाहर निकलते समय मजिस्ट्रेट के सामने झुककर उनका अभिवादन करें।
- आपके मामले में जो हो रहा है, उसके संबंध में मजिस्ट्रेट आपसे, आपके वकील से या पुलिस से कुछ सवाल पूछ सकते हैं।
- मजिस्ट्रेट प्रतिवादी और/या उनके वकील से भी उनका पक्ष सुन सकते हैं।
- मामले से सम्बन्धित जानकारी सुनने के बाद, मजिस्ट्रेट इस बारे में फैसला लेंगे कि क्या करना है। आपको वापस अदालत आने की ज़रूरत पड़ सकती है, या हो सकता है कि आपका मामला उसी दिन समाप्त हो जाए। प्रतिवादी के लिए इंटरवेन्शन ऑर्डर जारी किया जा सकता है।
- यदि आप इस बारे में स्पष्ट नहीं हैं कि क्या हो रहा है, तो मजिस्ट्रेट या पुलिस से सवाल पूछना भी ठीक है। मजिस्ट्रेट को “योर ऑनर” कहकर संबोधित करें।

# अदालत के बाद

- मजिस्ट्रेट द्वारा आपका मामला समाप्त कर दिए जाने के बाद आपको दस्तावेज़ इकट्ठे करने या इनपर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जा सकता है। रजिस्ट्री डेस्क पर जाएँ और पता करें कि क्या आपको अदालत छोड़कर जाने से पहले कुछ और करने की ज़रूरत तो नहीं है।
- यदि परिणाम के बारे में आपको चिंताएँ हैं, तो कानूनी सलाह लें या रजिस्ट्री से बात करें।
- यदि आप अपना ऑर्डर बदला जाना चाहते/ती हैं या इसकी अवधि विस्तारित किया जाना चाहते/ती हैं, तो इस वेबसाइट पर देखें कि यह कैसे करना है: www.mcv.vic.gov.au/family-matters/family-violence-intervention-orders-fvio


मजिस्ट्रेट
अदालत क्लर्क (लिपिक)
पुलिस/ आवेदक
प्रतिवादी/ वकील
गवाह बॉक्स (कटघरा)
संरक्षित व्यक्ति
पब्लिक (सार्वजनिक) गैलरी

Victorian Legal Services
**BOARD + COMMISSIONER**
Funded through the Legal Services Board Grants Program

Court Network
1800 571 239
www.courtnetwork.com.au
admin@courtnetwork.com.au
Lvl 5, 555 Lonsdale Street,
Melbourne, Vic, 3000

यह अदालत में आपके दिन के लिए एक सामान्य मार्गदर्शिका है। अदालत की प्रक्रियाओं के बदलने के साथ-साथ यह सूचना परिवर्तन के अधीन है।

ऑनलाइन संसाधनों की सुलभता के लिए, जिसमें अन्य भाषाओं में संसाधन भी शामिल हैं

Court Network के प्रति रेफरल करने के लिए